pan>

# Title : Need to restore the operation of train between Narkatiaganj and Bhikhna Thori in Bihar-Laid

**श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर):** मैं सरकार का ध्यान नरकटियागंज - भिखनाठोरी रेल परिचालन के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूं । नरकटियागंज से हुई भिखनाठोरी तक चलने वाली सवारी गाड़ी आमान परिवर्तन की वजह से 2015 से बंद पड़ी है । मार्च 2020 तक नरकटियागंज से अमोलवा तक रेल लाइन के निर्माण कार्य को पूर्ण करना था जिसकी दूरी 13 किलोमीटर है तथा अमोलवा से गौनाहा तक रेल लाइन के निर्माण कार्य को जून 2020 तक पूर्ण करना था । गौनाहा और भिखनाठोरी के बीच रेल लाइन के निर्माण को वन विभाग से स्वीकृति नहीं दी गई है जिस वजह से निर्माण कार्य बंद है । नरकटियागंज - भिखनाठोरी के बीच चलने वाली सवारी गाड़ी के बंद होने की वजह से स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । अतः मैं सरकार से माँग करता हूँ, जनहित के दृष्टिकोण से नरकटियागंज - भिखनाठोरी के बीच पूर्व में चलने वाली सवारी गाड़ी का परिचालन यथाशीघ्र कराया जाए ।